लिस्बन में गोश्रा के राजनीतिक बन्दी

1694. { श्री बसवन्त :
श्री कांबले :

क्या वैदेशिक-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पुर्तगाल द्वारा लिस्बन कारावास में गोश्रा के कितने राजनीतिक बन्दी रखे गये हैं; श्रौर

(ख) क्या सरकार ने इस सम्बन्ध में कोई कार्यवाही की है ।

वैदेशिक कार्य मंत्री (श्री स्वर्ण सिंह) : (क) दो ।

(ख) सरकार इन बन्दियों की भलाई श्रौर रिहाई के लिये श्रावश्यक कार्यवाई करती रही है ?

कांगो विद्रोहियों द्वारा भारतीय फोटोग्राफर को फांसी दिया जाना

1695. { श्री हुकम चन्द कछवाय:
श्री श्रोंकार लाल बेरवा :

क्या वैदेशिक-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि नैरोबी में विद्रोही कांगो लोगों ने एक बीस वर्षीय भारतीय फोटोग्राफर को फांसी पर चढ़ा दिया; श्रौर

(ख) यदि हां, तो सरकार ने इस सम्बन्ध में क्या कार्यवाही की है ?

वैदेशिक-कार्य मंत्री (श्री स्वर्ण सिंह) : (क) श्रौर (ख). सरकार के पास कोई प्रामाणिक सूचना नहीं है । परन्तु, महिन्द्र सिंह मरजारा, जो कीनिया के नागरिक हैं श्रौर जिन के पास ब्रिटिश पासपोर्ट है, कुछ दिनों से लापता बताये जाते हैं श्रौर श्रफवाहों से ऐसा पता चलता है कि जब वह कांगो में थे तो कार दुर्घटना में श्रथवा किसी श्रौर तरह उनकी मृत्यु हो गई ।

Coal Mines Labour Welfare Fund

1696. **Shri R. N. Reddi:** Will the Minister of **Labour and Employment** be pleased to state:

(a) the stage at which the proposal to raise the rate of cess under Section 3 of the Coal Mines Labour Welfare Fund Act, 1947 from 50 paise to Re. 1 per tonne stands; and

(b) when this amending legislation is likely to be introduced?

The Minister of Labour and Employment (Shri D. Sanjivayya): (a) and (b). The proposal has been kept in abeyance for the time being.

Apprentices Act

1697. **Shri R. N. Reddi:** Will the Minister of **Labour and Employment** be pleased to state:

(a) whether the Apprentices Act, 1961, is proposed to be extended to the Coal Mining Industry; and

(b) if not, the main reasons therefor?

The Minister of Labour and Employment (Shri D. Sanjivayya): (a) No.

(b) The scheme for training apprentices envisaged under the Apprentices Act, 1961, will not meet the requirements of the Coal Mining Industry.

भारतीय वायु सेना विमान दुर्घटना

1698. **श्री हुकम चन्द कछवाय:** क्या प्रतिरक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि दिनांक 16 मार्च, 1965 को भारतीय वायु सेना के एक विमान की कलाई कुण्डा के पास दुर्घटना हो गयी थी;